# ***DON BOSCO SCHOOL, KOKAR, RANCHI***

Class – 3B
Subject – Hindi II

---

## **Chapter-1 आगे बढ़ते जाएँगे**

कवि हमारे लिए सुंदर कविता लिखते हैं 'आगे बढ़ते जाएँगे'। कवि हमें दो बहुत सुंदर संदेश देते हैं, एक अपने देश से प्रेम करना और दूसरा अपने जीवन में आगे बढ़ना।

चित्र में हमें कुछ बच्चे दिख रहे हैं, सभी बच्चे बहुत खुशी से एक साथ आगे बढ़ रहे हैं और हाथ में तिरंगा झंडा लिए है। तिरंगा झंडा हमारे भारत देश का राष्ट्रीय झंडा है। तिरंगा झंडा एकता, शांति और हरियाली का प्रतीक है। सभी बच्चे तिरंगा झंडा लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसे सदा ऊँचा रखना चाहिए और इसका सम्मान करना चाहिए।

कवि बिना रूके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है। कोरोना वायरस पहाड़ बन कर हमारे सामने है, लेकिन हमें नहीं डरना है। हमें बाधाओं की चिंता किए बिना अपने मार्ग पर आगे बढ़ते रहना है।

**Homework**

1 इस कविता को अपने कॉपी में सुंदर से लिखिए।

2 कविता के नीचे दो लाइन छोड़ कर शब्द अर्थ लिखिए।

3 तिरंगा झंडा का चित्र बनाइये और रंग भरिए।

4 इस कविता को याद करे।

मौखिक प्रश्न **Homework**

लिखित प्रश्न **Homework**

(क) सही उत्तर चुनो **Homework**

**भाषा की बात**

अपने कॉपी में लिखे।

(क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| राह | – | रास्ता | पथ | मार्ग |
| अंधकार | – | अंधेरा | तम | तिमिर |
| सुबह | – | सवेरा | प्रातः | भोर |
| फूल | – | पुष्प | सुमन | कुसुम |
| घर | – | गृह | भवन | आवास |
| दुश्मन | – | शत्रु | बैरी | अमित्र |
| सच | – | सत्य | वास्तविक | सच्चाई |

(ख) विलोम शब्द लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुश्मन | x | मित्र | अंधकार | x | प्रकाश |
| नए | x | पूराने | कोमल | x | कठोर |
| चढ़ाव | x | उतार | चैन | x | बेचैन |

(ग) इन व्यंजनों से नए शब्द बनाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्ष | – क्षत्रिय | – | क्षमा | क्षण |
| त्र | – त्रिशुल | – | नेत्र | चित्र |
| ज्ञ | – ज्ञान | – | आज्ञा | अज्ञात |
| श्र | – श्राप | – | श्रम | श्रेष्ठ |

## Chapter-2 ईमानदार रामू

आज का हमारा पाठ बहुत सुंदर है, 'ईमानदार रामू'। पाठ शरू करने से पहले आप अपने मन में सोचे। क्या मैं ईमानदार हूँ ? अगर नहीं, तो मैं कैसे ईमानदार बन सकता हूँ।

आप रामू की तरह ही छोटे–छोटे काम करके ईमानदार बन सकते हैं जैसे– किसी के समान को बिना पूछे नहीं लेना, झूठ नहीं बोलना, अपने से बड़ों की बात को मानना, काम से जी नहीं चुराना आदि।

हमारे जीवन में जो अच्छी आदते हैं वो जिन्दगी भर रहते हैं अच्छी आदतों से अपने आप को भरिए। अच्छे बच्चों को सभी लोग पसंद करते हैं इसलिए अच्छे बच्चे बने।

**इस पाठ को रोज दो–दो बार पढ़े।**

1 आप अपने कॉपी में शीषर्क 'ईमानदार रामू' लिखकर दो लाइन छोड़ कर शब्द–अर्थ लिखे।

2 मौखिक और लिखित प्रश्नों के उत्तर स्वयं अपनी कॉपी में लिखें।

3 (क) सही उत्तर चुने **Homework**

**भाषा की बात**

(क) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए– **Homework**

(ख) नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखे–

| | | |
|---|---|---|
| दिन | – दिवस | वार |
| नदी | – सरिता | तटनी |
| खुश | – सुख | हर्ष |
| देवता | – अमर | सुर |
| धरती | – भूमि | पृथ्वी |

हवा — वायु पवन

Q(ग) **Homework**

Q(घ) **Homework**

## 3 हम और हमारा भोजन

हमें मालूम है कि हमारे लिए पौष्टिक भोजन अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है हम खुश तभी रहते है जब हम स्वस्थ होते है स्वस्थ रहना हमारे ऊपर निर्भर करता है। हम जैसे भोजन ग्रहण करेंगे वैसे ही हमारा शरीर होगा।

बच्चों! आज हम जिस स्थिति से गुजर रहे है उनको ध्यान में रखते हुए हमें पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। आज से अपने भोजन में उन सभी फल, सब्जी को शामिल कीजिए जो आप के लिए पौष्टिक हो।

1 आप अपने कॉपी में शीर्षक 'हम और हमारा भोजन' लिखकर दो लाइन छोड़ कर शब्द अर्थ लिखे।

2 मौखिक और लिखित प्रश्नों के उत्तर स्वयं अपनी कॉपी में लिखे।

3 (क) सही उत्तर चुने। **Homework**

**भाषा की बात**

1 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों मे प्रयोग कीजिए—

मस्तिष्क — स्वस्थ मस्तिष्क का निवास हमारा शरीर होता है।

दूध — हमें दूध पीना चाहिए।

सब्जी — हमें हरी सब्जी खाना चाहिए।

सुंदर — हमारा शरीर बहुत सुंदर है।

**Homework**

Q ख
Q ग
Q घ
Q ङ
Q च
Q छ

******************